तापमान
अधिकतम 38 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 21 अप्रैल 2026



10 कला व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण साधनः रविंद्र





10 किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़ी नई तकनीक..









## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोपी से आभूषण बरामद

**जींद।** सीआइए टीम ने चोरी के एक आरोपित भटनागर कालोनी निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से चोरी किए गए जेवरात बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। सीआइए इंचार्ज अनूप सिंह ने बताया कि रामबक्श कालोनी निवासी महिला शकुंतला ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि उसके धर का ताला तोड़ कर अज्ञात लोग सात हजार रुपये की नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने 13 फरवरी को अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### नौकरी का झांसा दे राशि हड़पने का आरोपित काबू

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने दिल्ली अस्पताल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर सात लाख रुपये हड़पने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलीपुरा निवासी रीतू ने गत 25 दिसंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी जान पहचान गांव उदयपुर निवासी जगदीश की पत्नी मुकेश तथा उसके भाई विक्रम से रही है। उन्होंने बताया कि जगदीश की अच्छी जान पहचान है। वह उसे दिल्ली अस्पताल में नौकरी लगवा देंगे। जिसकी एवज में आरोपितों ने सात लाख की डिमांड की। जिस पर दो लाख रुपये मुकेश के खाते में डलवा दिए। चार लाख जगदीश के खाते में डलवाए गए।

### दुकान में घुसकर किया हमला, दो भाई घायल

**जींद।** कलौदा कलां में दुकान में घुस दुकानदार तथा उसके चचेरे भाई पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कलौदा कलां निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में दुकान चलाता है। बीती देर शाम चचेरे भाई के साथ दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव का अजय दुकान में आया और गाली गलौज करने लगा।

### बाप व बेटे पर हमला कर किया घायल, 4 नामजद

**जींद।** ऐंचराखुर्द में हमला कर बाप व बेटे को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ऐंचरा खुर्द निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम वह अपने पिता सुभाष के साथ प्लाट में काम कर रहा था। उसी दौरान पड़ोसी पवन तथा उसके परिजन उनके साथ गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो पवन परिवार ने दोनों पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई।

### 2 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी हरनोली पुलिस की टीम ने आरोपी को 2 ग्राम स्मैक सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी हरनोली प्रभारी एएसआई राजेश कुमार टीम के साथ गश्त व अपराध रोकथाम के लिए घघर पुल बाऊपुर डंडोता के पास मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव बलबेड़ा पंजाब निवासी रवि जो बाइक पर डंडौता की तरफ से बाउपुर की तरफ आयेगा जिसके पास नाजायज असला है नाकाबंदी कर नाजायज असला सहित काबू आ सकता है।

## भाकियू ने फसल खरीद के नए नियमों को वापस लेने की मांग उठाई

# तीन घंटे तक बंद रखा मार्केट कमेटी कार्यालय, नारेबाजी

### ऐलानः मांग पूरी होने तक आंदोलन लगातार जारी रहेगा

**रोष प्रदर्शन को देखते पुलिसबल रहा तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

नए फसल खरीद नियम के विरोध में सोमवार को को भारतीय किसान यूनियन ने तीन घंटे के लिए मार्केट कमेटी कार्यालय के गेट पर ताला जड़ कर रोष व्यक्त किया। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं ने अनाज मंडी में धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भाकियू के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिसबल को तैनात किया गया था। आंदोलनरत भाकियू कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार व राजेंद्र पहलवान ने कहा कि जब तक सरकार का यह तुगलकी फरमान वापस नहीं लेती तब तक हर रोज एक मंत्री या विधायक का पुतला दहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि की मार से प्रदेश के किसानों को नुकसान हुआ है। जिसकी भरपाई के लिए किसानों को मुआवजा राशि देनी चाहिए। जब तक सरकार बायोमेट्रिक नियम को वापस नहीं लेती उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा मार्केट कमेटी द्वारा कार्यालय के साथ लगती बिल्डिंग पर किसान बनाए गए विश्राम गृह में किसानों के ठहरनेए उठने व बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है और ई दिशा केंद्र खोला हुआ है। अब ई खरीद पोर्टल में व्यवधान आने के चलते मैनुअल तरीके से गेटपास काटे जा सकते हैं तो फसल की खरीद भी मैनुअल की जा सकती है। सरकार जल्द से जल्द इन निर्णयों को वापस ले। तीन घंटे रोष प्रदर्शन के बाद कार्यालय गेट पर से ताला खोल दिया गया। जिससे मंडी में फसल खरीद का कार्य सुचारू हुआ।



जींद। अनाज मंडी कार्यालय गेट पर ताला जड़ रोष जताते भाकियू कार्यकर्ता।



कलायत। मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला लगा प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता।

### कलायत मार्केट कमेटी कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के ऐलान पर प्रदेश भर में मार्केट कमेटियों कार्यालयों पर तालाबंदी कर भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन किया। इसके तहत कलायत मार्केट कमेटी कार्यालय के मुख्य द्वार पर भाकियू नेताओं ने ताला जड़ दिया। प्रदर्शन की रहनुमाई भाकियू की तरफ से मुख्य रूप से महासचिव जियालाल ढूंढवा, जिला प्रधान गुरनाम सिंह साहरण, ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र चौशाला, बलवान सिंह, कृष्ण मोर, प्रीतम सिंह लांबा खेड़ी, बलकार कौलेखां, लैहरी मटोर, चांदी राम कुराड़ व अन्य कार्यकर्ताओं ने की। कहा कि 2020 में सरकार जो तीन काले कानून लेकर आई थी उनके विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 13 महिनों तक दिल्ली के बार्डरों पर बैठ कर धरना दिया गया। संघर्ष में 750 किसानों की जान गई। सरकार ने तीनों कानूनों को वापस तो लिया। लेकिन सरकार दोबारा फिर से किसान विरोधी कानून मंडियों को खत्म करने के लिए बना रही है। बायोमेट्रिक प्रणाली से गेहूं की खरीद किसानों के सामने बहुत बड़ी समस्या है। बेवजह किसानों को परेशान किया जा रहा है। इससे साफ जाहिर है कि सरकार देश की खाद्य सुरक्षा कार्पोरेट को देने जा रही है।



कैथल। जींद मार्ग पर जाम लगाते मजदूर। फोटो :हरिभूमि

# मजदूरों ने कैथल-जींद मार्ग पर लगाया जाम

- डीएसपी और डीएफएससी ने समझा बुझाकर खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

अनाज मंडी कैथल में उठान का कार्य बंद होने के चलते सोमवार को अनाज मंडी में काम करने वाले मजदूरों का गुस्सा फूट गया तथा मजदूरों ने एकजुट होकर पल्लेदारों के साथ मिलकर जींद-कैथल रोड पर पेड़ों की टहनियां रखकर जाम लगा दिया। जाम लगा रहे मजदूरों ने कहा कि वे पिछले करीब एक सप्ताह से रोजाना मंडी में काम की तलाश में आ रहे हैं, लेकिन उठान न होने के कारण उनको काम नहीं मिल रहा। जाम लगने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यही नहीं गर्मी अधिक होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। जाम की सूचना पाकर पुलिस और डीएफएससी की टीम मौके पर पहुंची और मजदूरों को समझाकर करीब आधा घंट बाद जाम खुलवाया। जाम लगा रहे मजदूर सुरेश, रामपाल, रोशन व राहुल ने कहा कि वे कई दिन से इस उम्मीद से मंडी में लेबर के लिए आ रहे हैं कि आज काम मिल जाएगा। सुबह घर से रोटी लेकर आते हैं और दोपहर को खाकर खाली हाथ घर लौट जाते हैं। बच्चे इंतजार कर रहे होते हैं कि पिता मजदूरी करके कुछ घर लाएंगे लेकिन मजदूरी मिलना तो दूर, शहर आने के लिए खर्च भी खुद करना पड़ रहा है।

#### मंडी में करीब 12 लाख गेहूं के कट्टे खुले में पड़े

मजदूरों ने बताया कि मंडी में करीब 12 लाख कट्टे गेहूं पड़ी है। इसके अलावा खुली फसल से भी मंडी अटी पड़ी है, लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। इस अनदेखी का खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। ठेकेदार पर भी अधिकारियों द्वारा कोई सख्ती नहीं की जा रही है। मंडी से रोजाना 70 हजार कट्टे उठान होना चाहिए, लेकिन 1000 बैग भी नहीं उठ रहे। मजदूरों ने मांग की कि उठान का कार्य शुरू करवाया जाए, ताकि मजदूरों को काम मिल सके।

#### जल्द पूरा होगा उठान

मजदूरों को समझाने पहुंचे डीएफएससी विरेंद्र कुमार ने बताया कि जाम की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वाहनों के रजिस्ट्रेशन के चलते थोड़ी देरी हुई है। जल्द ही उठान का कार्य पूरा करवाया जाएगा।

### दमकल व सफाई कर्मियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर दमकल व सफाई कर्मचारीयों ने काले रिबन बाध कर रोष प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर हिसार के सांसद जयप्रकाश आये और अग्निशमन के कर्मचारियों ने उन्हे आपनी मांगो का ज्ञापन सौपा। अग्निशमन के कर्मचारियों की मांगो व अनंदोलन का समर्थन किया और राज्य की भाजपा सरकार की कड़े शब्दो मे निंदा की और आश्वासन दिया कि कांग्रेस राज्य व केन्द्र मे आपकी मांगो के समाधान के लिए आवाज बुलंद करेंगी। उन्होंने राज्य सरकार से फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद दमकल कर्मचारी रणवीर सिंह व भविष्यचंद शर्मा को शहीद का दर्जा देने, उनके आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपये आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी प्रदान करने,5000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता लागू करने,पे-रोल व कौशल निगम के दमकल कर्मचारियों को विभाग के सर्जित पदों पर समायोजित कर समान काम समान वेतन देने आदि को लागू करने की मांग की। धरना-प्रदर्शन मे रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रमेश हरित, विमल कुमार आदि मौजूद रहे।



जींद। इंटरव्यू लेते कंपनी के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### कैंपस प्लेसमेंट में 39 प्रशिक्षुओं का चयन

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जींद में सोमवार को आयोजित प्लेसमेंट कैंपस (रोजगार मेला) सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें 39 प्रशिक्षुओं का प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी हीरो मोटोकॉर्प, नीमराना (राजस्थान) में चयन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस प्लेसमेंट कैंपस में विभिन्न ट्रेडों के कुल 78 छात्रों ने पंजीकरण करवाया। कंपनी द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किए गए। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं योग्यता आधारित रही। सभी चरणों के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद 39 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान बेहतर प्रदर्शन के आधार पर वेतन वृद्धि एवं करियर उन्नति के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। इस घोषणा से छात्रों में विशेष उत्साह और प्रेरणा देखने को मिली। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्लेसमेंट कैंपस विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं और इससे छात्रों को उद्योगों से सीधे जुडने का अवसर मिलता है। कैंपस के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को पांच साल कैद

**जींद।** फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट अतिरिक्त एवं सत्र न्यायधीश शिफा कि अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म व अपहरण के मामले में दोषी को पांच वर्ष का कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।
पुलिस प्रवक्ता राजेश ने जानकारी देते हुए बताया कि चार अप्रैल 2024 को थाना सदर सफीदों में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें पीड़ित की नाबालिग पुत्री को गांव ऐंचराखुर्द निवासी गौरव बहला फुसला कर ले गया था। पीड़िता के अभिभावक की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता से मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपित गौरव के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत साक्ष्य एकत्रित कर आरोपित के खिलाफ माननीय न्यायालय में चालान पेश किया गया। पुलिस द्वारा दिए गए ठोस साक्ष्य व के आधार पर सोमवार को फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट अतिरिक्त एवं सत्र न्यायधीश शिफा कि अदालत ने दोषी गौरव को पांच वर्ष का कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस प्रवक्ता राजेश ने कहा कि जींद पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें।

# फतेहपुर में दो अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

पूंडरी अर्बन एरिया में फतेहपुर राजस्व क्षेत्र में सोमवार को करीब 10 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी विभाग का तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से कॉलोनियों में बनाई गई कच्ची सड़कों और डीपीसी को प्रारंभिक चरण में ही तोड़ दिया गया। इस दौरान जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार स्वयं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ इंफोर्समेंट टीम भी मौके पर मौजूद रही, जिससे पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। डीटीपी प्रवीन कुमार ने बताया कि तहसील पूंडरी क्षेत्र के पास बिना किसी विभागीय अनुमति के कॉलोनियां काटी जा रही थीं। विभाग द्वारा एचडीआर एक्ट 1975 के तहत नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन भू-मालिकों और प्रॉपर्टी डीलरों ने निर्माण कार्य जारी रखा। इसके बाद जिला डीसी की अनुमति से यह कार्रवाई अमल में लाई गई।



#### वैधता की जांच अवश्य करें

विभाग ने संबंधित भू-मालिकों और डीलरों के खिलाफ पुलिस स्टेशन इंफोर्समेंट, कैथल में मामला दर्ज कराने के लिए शिकायत भेज दी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्लॉट की खरीद से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। अवैध कॉलोनियों में निवेश करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। साथ ही, कालोनाइजरों एवं प्रॉपर्टी डीलरों को सख्त चेतावनी दी गई है कि वे केवल सरकारी नियमों के तहत लाइसेंस प्राप्त कर ही कॉलोनियां विकसित करें।

## 15 दिनों में पूरा होगा कार्य, यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने में होगी आसानी

# स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3-4 का नवीनीकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

रेलवे स्टेशन के तीन और चार नंबर प्लेटफार्म के नवीनीकरण का काम शुरू हो गया है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्टेशन के चारों प्लेटफार्म का नवीनीकरण किया जा रहा है। अब तक एक और दो प्लेटफार्म का नवीनीकरण का काम पूरा हो चुका है। प्लेटफार्म और शेड के निर्माण पर लगभग आठ करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। हालांकि सभी प्लेटफार्म पर शैड लगाए जा चुके हैं। प्लेटफार्म तीन और चार से काम की शुरुआत कर दी गई है। जिसके बाद अन्य प्लेटफार्मों पर भी तेजी से कार्य किया जाएगा। प्लेटफार्म तीन व चार का कार्य 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। तीन और चार प्लेटफार्म के उबड़-खाबड़ होने पर यात्रियों को ट्रेनों में सवार होते समय परेशानी होती थी। लेकिन यात्रियों की यह समस्या अब दूर हो जाएगी। गौरतलब है कि प्लेटफार्मों की ऊंचाई और सतह सही न होने के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढने और उतरने में काफी दिक्कत होती थी। लंबे समय से प्लेटफार्मों की स्थिति खराब थी। जिससे प्रतिदिन सफर करने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती थी। अब नवीनीकरण के बाद स्टेशन की तस्वीर बदलेगी और यात्रा अधिक सुरक्षित व सुविधाजनक हो सकेगी। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह परेशानी और अधिक बढ़ जाती थी। इन समस्याओं को देखते हुए प्लेटफार्मों को मानक ऊंचाई के अनुसार बनाया जा रहा है ताकि ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच का अंतर कम किया जा सके। नवीनीकरण कार्य के तहत प्लेटफार्मों की फर्श को मजबूत और समतल बनाया जाएगा। इसके अलावा नई टाइल्स लगाई जाएंगी तथा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, शेड और प्रकाश व्यवस्था में भी सुधार किया जाएगा। रेलवे स्टेशन से करीब चार हजार से अधिक यात्री रोजाना आवागमन करते हैं। ए ग्रेड श्रेणी में शामिल जींद स्टेशन को हाईटेक बनाने के उद्देश्य से अगस्त 2023 को पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से यहां करीब 25 करोड़ से ज्यादा की राशि से आधुनिकीकरण किया गया है।



#### यात्रियों को मिलेगी राहत

रेलवे जंक्शन ठेकेदार अनुभव चिलाना ने बताया कि स्टेशन पर तीन और चार प्लेटफार्म के नवीनीकरण का काम शुरू कर दिया है। जिससे 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा।



राजौंद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विद्युत प्रसारण निगम के कर्मचारी।

### लंबित मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

**राजौंद।** सोमवार को विद्युत प्रसारण निगम के प्रांगण में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रोष स्वरूप गेट मीटिंग कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने की, जबकि मंच का संचालन सब यूनिट कैशियर सुखदेव शर्मा ने किया।गेट मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि उनकी चार्जशीट पिछले दो-तीन वर्षों से लंबित पड़ी हुई है, लेकिन आज तक उन्हें न तो स्पष्ट किया गया है और न ही हटाया गया है। इसके अलावा राजौंद सब डिवीजन में कर्मचारियों की भारी कमी बनी हुई है, जिसके चलते कार्यरत कर्मचारी मानसिक दबाव में काम करने को मजबूर हैं। आशंका जताई कि इस स्थिति में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कैथल सर्कल में राजवीर जेई के खिलाफ दर्ज की एफआईआर बिजली मंत्री के दबाव में करवाई गई है, जो पूरी तरह से गलत है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक गेट मीटिंग और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बिजली निगम कर्मियों का धरना 14वें दिन भी जारी

**उचाना।** उचाना बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ सहित 3 कर्मचारियों के तबादले के विरोध में 14वें दिन भी बिजली निगम कर्मचारियों का धरना जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि जब तक तबादले रद्द नहीं होते, धरना जारी रहेगा। बिजली निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के जो तबादले किए गए है वो राजनीति दबाव के चलते हुए है। इस तरह के तबादले के चलते जो अधिकारी, कर्मचारी है वो किस तरह से कार्य करेंगे। जल्द तबादले रद्द नहीं हुए तो कोई भी बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

### अलग-अलग स्थानों से युवती व महिला लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से युवती तथा महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।
सफीदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं राजपुरा भैण निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 मार्च को वह अपनी पत्नी को दवाई दिलाने नागरिक अस्पताल लेकर आया था। जहां से उसकी पत्नी गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने गायब युवती व महिला को तलाशा लेकिन कोई सुराग नही लगा।

### हरियाणा सरकार घटना के लिए जिम्मेदारः श्योकंद

**उचाना।** जजपा युवा प्रदेश सचिव विकास श्योकंद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हिसार में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की गाड़ी को रुकवाकर हथियार दिखाने की घटना ने हर किसी को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात ये है कि मामले में हरियाणा पुलिस के सीआईए स्टाफ ने यह हरकत की है जो खुद कानून के रखवाले हैं। हरियाणा सरकार सीधे सीधे इस घटना के लिए जिम्मेदार है जिनके राज में आज कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। इस पूरे घटनाक्रम में जो सबसे मजबूत तस्वीर सामने आई है वो दुष्यंत चौटाला की दिलेरी की है।

### कमरे का ताला तोड़ कृषि उपकरण व सामान चोरी

**जींद।** गांव खांडा में बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर कृषि उपकरणों तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खांडा निवासी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में कमरा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर गैस सिलेंडर, इन्वर्टर, बैटरी, पंखे, लोहे की बेल, थ्रैसर की पुली, स्प्रे टंकी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सुबह उस समय पता चला जब वह खेत में पहुचा।

### अभिषेक को डा. भीमराव अंबेडकर रत्न अवार्ड

**जींद।** हर घर संविधान अभियान के अंतर्गत रोहतक में आयोजित सम्मान समारोह में गांव बूढ़ा खेड़ा लाठर निवासी अभिषेक को सामाजिक सरोकारों में उत्कृष्ट योगदान के लिए डा. भीमराव अंबेडकर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें बामसेफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. सुरेश द्रविड़, सर्व जन एजुकेशनल एंड वोकेशनल संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र, समाजसेवी बगीचा सिंह जो पूरे भारत को 30 बार पैदल नाप चुके हैं तथा पीपीआईडी के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कटारिया के द्वारा प्रदान किया गया।

### आंगनवाड़ी केंद्र में स्कूल रेडीनेस मेला लगाया

**उचाना।** उचाना नपा के वार्ड नंबर-1 में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। नगर पालिका वाइस चेयरमैन सुमन देवी मौजूद रही। इस मेले का मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना, उनके सामाजिक एवं भाषा कौशल को मजबूत बनाना तथा उन्हें विद्यालयी वातावरण के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अंजू के मार्गदर्शन में किया गया। सुपरवाइजर मनीषा, संतोष रानी, सुशीलवती, मधुबाला, नीलम देवी, मुकेश देवी, सीमा, ऊषा रानी, सुनीता मौजूद रही।

## मोतीलाल नेहरू विद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

# कला व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण साधनः रविंद्र

### कक्षा दूसरी की छात्रा खुशी ने जीता पुरस्कार

**हर बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष क्षमता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करने हेतु इंटरनेशनल लेवल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी सृजनात्मक क्षमताओं को पहचानना, उन्हें निखारना तथा आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना था। इस प्रतियोगिता को चार प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया। जिनमें पेंटिंग, हैंडराइटिंग, ड्राइंग एंड प्रिंटिंग तथा रंगोली शामिल थी। प्रत्येक श्रेणी में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी कल्पनाशक्ति, सौंदर्यबोध तथा कलात्मक दक्षता का अद्भुत परिचय दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक संदेश एवं सांस्कृतिक विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। जिसमें कक्षा दूसरी की छात्रा खुशी नलवा ने ईनाम जीता। हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी साफ.-सुथरी, सुस्पष्ट और सुंदर लेखन शैली का प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा चौथी की जानवी और कक्षा आठवीं की अक्षिता शर्मा ने ईनाम जीते। ड्राइंग एंड प्रिंटिंग श्रेणी में नवीन तकनीकों का उपयोग करते हुए विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां द्वारा कक्षा नौवीं के छात्र देव ने ईनाम जीता। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में पारंपरिक और आधुनिक शैली का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए कक्षा सातवीं की चेष्ठा सैनी ने ईनाम जीता। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा मन्नत ने नेशनल रोविंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पूरे विद्यालय में हर्ष और गर्व का वातावरण रहा। छात्र व छात्राओं की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर अभ्यास समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को कालारंग गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके परिश्रमए प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रतीक था। विद्यालय के अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि प्रतिभा किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होती बल्कि हर बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष क्षमता अवश्य होती है। आवश्यकता है, उसे पहचानने और निरंतर प्रयास के माध्यम से उसे विकसित करने की। ऐसे प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उन्हें जीवन में आगे बढऩे की दिशा प्रदान करती हैं। कला केवल मनोरंजन का माध्यम नही है बल्कि यह व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण साधन है। कला के माध्यम से बच्चे अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करना सीखते हैं। जिससे उनमें संवेदनशीलताए रचनात्मकता और सौंदर्यबोध का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ड्राइंग अध्यापिकाएं सुनीता एवं बबीता को विशेष रूप से सम्मानित किया।

# लंबित मामलों के निपटान के आदेश

- अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एसपी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** बैठक में भाग लेते अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा लंबित मामलों के त्वरित निपटान को लेकर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारियों, सभी पुलिस चौकी इंचार्ज सहित विभिन्न युनिट के इंचार्ज ने भाग लिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार में लंबित जांचाधीन मामलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा मामलों के शीघ्र व निष्पक्ष निपटान पर विशेष ध्यान दें। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ लेते हुए पुलिस अधीक्षक जींद ने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों की सहायता और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करें।


विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को जन्म दिन की बधाई देने आवास पहुंची कार्यकर्ताओं की भीड़।

### विधायक की लंबी उम्र की कामना

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के जन्म दिन पर उनके समर्थकों द्वारा हवन कर उनकी लंबी उम्र की कामना की तो गौशालाओं में जाकर गायों को हरा चारा, गुड़ डाला। विधायक ने भी कार्यकर्ताओं के बीच अपने आवास, हलके में जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ जन्म दिन मनाया। विधायक आवास पर लगा समर्थकों को ताता भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि विधायक की लोकप्रियता का प्रमाण है कि उनके आवास पर समर्थकों का ताता पूरे दिन लगा रहा। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, प्रवीण गर्ग, रमेश राणा, संजय चहल, दीपक करसिंधु, सतीश जांगड़ा, पंकज करसिंधु, रोहताश खटकड़ ने कहा कि ऐसा मिलनसार विधायक उचाना को आज तक नहीं मिला था। विधायक की खुद जो दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ता है वो भी प्रशंसा करते है।

### चार लाख 78 हजार 19 एमटी गेहूं की हुई खरीद

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने गेहूं खरीद के लिए कार्य कर रही सभी सरकारी एजेंसियों व इस कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी रखें। लिहाजा अनाज मंडियों में खरीद, उठान, गेट पास एवं बारदाना से जुड़ी कोई भी समस्या न आए इसके लिए समय-समय पर निगरानी करते रहें। उन्होंने खरीद एजेंसियों से कहा कि खरीदे गए गेहूं का समयबद्ध उठान सुनिश्चित किया जाए। मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए साफ.-सफाई, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने किसानों से आग्रह किया है कि वे फसल को अच्छी तरह सुखा कर ही मंडियों में लेकर आएं, जिससे खरीद प्रक्रिया में तेजी बनी रहे।

### विद्यार्थियों को सामग्री वितरित की

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना के प्रधान विकास सिंगला ने जानकारी देते बताया कि क्लब द्वारा सामाजिक सेवा के तहत प्रोजेक्ट नन्हे दिए का सफल आयोजन गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल नरवाना में किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 200 बच्चों को कॉपियां भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अत्यंत उत्साह और स्नेह के साथ रोटरी क्लब के सदस्यों का स्वागत किया। बच्चों की मासूम मुस्कान और खुशी ने पूरे वातावरण को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। रोटरी क्लब के अमित गोयल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत शिक्षा से संबंधित सामग्री वितरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक बच्चों को लाभ मिल सके।


**नरवाना।** कार्यक्रम में सामग्री दिखाते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** किशोरी को एचपीवी वैक्सीन लगाते स्वास्थ्यकर्मी।

### एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान चलाया

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निडाना पर डा. मोनिका के नेतृत्व में एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। जिला जींद में 28 फरवरी को एचपीवी वैक्सीनेशन लॉच हो चुका है। जिसके अंतर्गत 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को बच्चेदानी के कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाना है। लोगों को दंत सर्जन डा. मोनिका ने बताया कि महिलाओं में बच्चेदानी के कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है। एचपीवी वैक्सीन लगाने उपरांत महिलाओं में बच्चेदानी के कैंसर को काफी हद तक रोका जा सकता है। कैंप में ढिगाना की संजू को टीकाकरण कर सर्टिफिकेट जारी किया। सुपरवाइजर कुलदीप चहल, ऊषा देवी के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मी सीमा, प्रमोद कुमार व सुरेश कुमार मौजूद थे। सुपरवाइजर ने बताया कि सभी अभिभावकों को फैली भ्रांतियां को छोड़ कर अपनी बच्चियों के सुरक्षित भविष्य हेतु टीकाकरण करवाने हेतु आगे आना चाहिए।

### जल से बड़ी कोई सेवा नहीं होतीः शर्मा

**उचाना।** पं. नेकीराम विचार एवं ब्राह्मण धर्मशाला उचाना प्रधान पं. रघुबीर शर्मा द्वारा अपनी माता लिक्ष्मी देवी पत्नी श्रीराम फौजी की याद में हाइवे के पास करसिंधु-पालवां रोड चौक, आरोही स्कूल घसो में वाटर कूलर लगवाए। इन वाटर कूलरों का शुभारंभ टोंटी चला कर किया। पं. नेकीराम विचार एवं ब्राह्मण धर्मशाला उचाना कार्यकारिणी द्वारा उचाना कलां के राजकीय स्कूल में वाटर कूलर लगवाया। रघुबीर शर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पीने को मिल सकें इसके लिए वाटर कूलर लगवाया है। जो हाइवे के पास करसिंधु-पालवां रोड है वहां पर यात्री, विद्यार्थी वाहनों के इंतजार के लिए खड़े होते है। यहां पर वाटर कूलर की मांग बहुत पुरानी है। अपनी माता-पिता की याद में यहां पर वाटर कूलर लगवाया। ऐसे ही आरोही स्कूल में विद्यार्थियों को पीने का ठंडा पानी मिले वहां पर वाटर कूलर लगवाया है।


**उचाना।** वाटर कूलर का शुभारंभ करते प्रधान पं. रघुबीर शर्मा।


**जींद।** पदक विजेता बच्चों के साथ प्रिंसिपल ममता शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

### दिव्यांग विद्यार्थियों ने जीते पदक

**जींद।** अंकुर दिव्यांग शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने 18 अप्रैल को स्पेशल ओलिंपिक भारत (हरियाणा) द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीत कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के विद्यार्थियों ने ख्खेलों के नाम जैसे बोच्चे बॉल, फुटबॉल, रेस आदि में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। शिवानी, इशांत ने बोच्चे बॉल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि कबीर, पुनीत, आरव ने रजत पदक एवं इशांत, जक्षित, सौरव, जतिन, मोहित मीणा ने कांस्य पदक जीत कर संस्थान की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।


**जींद।** मुख्य वक्ता कमलजीत सिंह को सम्मानित करते प्राचार्या डा. पूनम मोर।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल विषय पर व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक व्हीकल विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमलजीत सिंह रहे। जो कि एसएसएसएस भगत राजकीय महाविद्यालय जींद में भौतिकी के सहायक प्राध्यापक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों के प्रति जागरूक रहने और पर्यावरण संरक्षण में इलेक्ट्रिक वाहनों की भूमिका को समझने के लिए प्रेरित किया। भौतिक विज्ञान विभाग की इंचार्ज आरती सैनी ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के संयोजिका डा. ज्योति तथा पूजा आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़ी नई तकनीकों के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते किसान। *फोटो :हरिभूमि*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कृषि विज्ञान केंद्र में मृदा विज्ञान के जिला विस्तार विशेषज्ञ डा. धीरज पंघाल द्वारा संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आसपास के गांवों से आए किसानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़ी नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान डा. पंघाल ने किसानों को संबोधित करते बताया कि वर्तमान समय में अधिक उत्पादन की चाह में किसान अक्सर उर्वरकों का असंतुलित उपयोग कर रहे हैं। जिससे मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है। उन्होंने कहा कि संतुलित पोषण न केवल फसल उत्पादन बढ़ाने में सहायक है बल्कि इससे फसलों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है और भूमि की दीर्घकालीन उत्पादकता बनी रहती है। उन्होंने विस्तार से समझाया कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश के साथ-साथ जिंक, आयरन और सल्फर जैसे पोषक तत्वों का भी उचित मात्रा में प्रयोग जरूरी है।


**जींद।** आयुष कैंप में स्वास्थ्य की जांच करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### 430 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा

**नरवाना।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार आयुष विभाग की ओर से गांधीनगर ढाणी गुरुद्वारा सिंह सभा में एक आयुष कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 430 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं निशुल्क औषधी वितरण की गई। स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ रोगियों का आहार व्यवहार व ऋतुचर्या एवं रोगानुसार योग प्रबंधन के बारे में बताया गया। शिविर में अधिकतर रोगी वात रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एनीमिया तथा उदर संबंधित रोगों के रहे। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. महेंद्र सिंह, डा. प्रीति , डा. सुमन, फार्मासिस्ट त्रिलोकचंद रानी तथा अनुज उपस्थित रहे। शिविर के समापन पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य कृष्ण घुम्मन, गुरजीत सिंह, गोल्डी सिंह द्वारा आयुष विभाग की टीम को सरोपा एवं गुरुदेव जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

## सुपर 100 कार्यक्रमः जींद के 159 विद्यार्थी दूसरे बैच में शामिल

# कुरुक्षेत्र में तीन बैच में करवाई जाएगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


रणधीर सिंह लोहान, जिला विज्ञान विशेषज्ञ।

**159 विद्यार्थी जाएंगे कुरुक्षेत्र**

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहा ने बताया कि सुपर 100 लेवल 2 परीक्षा के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। इसमें जींद जिले के 159 विद्यार्थी दूसरे बैच में भाग लेंगे। जो 22 से 24 अप्रैल तक चलेगा। सुपर 100 कार्यक्रम शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। विद्यार्थी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।

सुपर 100 कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए लेवल 2 प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल से 27 अप्रैल को तीन बैच में कराई जा रही है। तीन बैच में प्रदेशभर से 2113 विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले रहे हैं। इसमें जींद जिले के 159 विद्यार्थी दूसरे बैच में शामिल रहेंगे। दूसरा बैच 22 से 24 अप्रैल के दौरान आयोजित किया जाएगा। शिक्षा विभाग के जारी आदेश में लेवल 2 परीक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र स्थित सुपर 100 कैंपस में तीन दिनों तक रहना होगा। विद्यार्थियों को सुबह नौ बजे रिपोर्ट करना अनिवार्य है। जबकि पंजीकरण प्रक्रिया दोपहर 12 बजे तक ही चलेगी। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के रहनेए खाने व अन्य सभी सुविधाओं की व्यवस्था विभाग द्वारा निशुल्क की जाएगी। अभिभावकों को केवल बच्चों को छोडऩे और लेने की अनुमति होगी। कैंपस में रुकने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, डिजिटल घड़ी, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण लाने पर प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने या अनुशासनहीनता पाए जाने पर छात्र को तुरंत कार्यक्रम से बाहर कर दिया जाएगा। यह परीक्षा केवल सरकारी स्कूलों के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ही मान्य है। पहला बैच 19 से 21 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें हिसार के 200, भिवानी जिले के 124, रेवाड़ी के 110, फतेहाबाद के 109, चरखी दादरी के 69, महेंद्रगढ़ के 57, पलवल के 48 व नूहं के 32 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। दूसरा बैच 22 से 24 अप्रैल तक चलेगा। इसमें जींद के 159, पानीपत के 151, सिरसा के 140, फतेहाबाद के 95, सोनीपत के 89, रोहतक के 54 व झज्जर के 50 विद्यार्थी भाग लेंगे। वहीं तीसरा बैच 25 से 27 अप्रैल तक चलेगा। इसमें गुरुग्राम के 146, कैथल जिले के 134, करनाल के 86, कुरुक्षेत्र के 76, यमुनानगर के 67, पंचकूला के 63 व अंबाला के 54 विद्यार्थी भाग लेंगे।


**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य सत्यवान मलिक। *फोटो :हरिभूमि*

### स्वगणना जागरूकता सेमिनार

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में पंच दिवसीय सेल्फ एन्यूमरेशन (स्वगणना) जागरूकता सेमिनार के तहत द्वितीय चरण का सफल आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। निर्धारित कार्यक्रमानुसार बीए एवं बीए ऑनर्स प्रथम वर्ष की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सेंसस ऑफ इंडिया 2027 के तहत स्वगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन नोडल ऑफिसर लाभ सिंह के निर्देशन में किया गया। आयोजन की जिम्मेदारी कन्वीनर रीतू ने संभाली। जबकि डा. ज्योति लड़वाल तथा जतिन ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। सभी ने विद्यार्थियों को स्वगणना के महत्व तथा नागरिक उत्तरदायित्व के बारे में जानकारी देते हुए इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

### प्रदेश की 16 टीमों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को मिला पुरस्कार

# सीवन में पहली हरियाणा राज्य टेपबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में कैथल बना चैंपियन

- सीवन के दशहरा मैदान में 17 से 19 अप्रैल तक आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

सीवन के दशहरा मैदान में 17 से 19 अप्रैल तक पहली हरियाणा राज्य टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सीवन स्पोर्ट्स समिति द्वारा किया गया, जिसमें हरियाणा प्रदेश की लगभग 16 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच एसोसिएशन कैथल के पूर्व जिला प्रधान गज्जन सिंह गोबिंदपुरा, समाजसेवी संदीप सैनी, पूर्व जिला परिषद सदस्य मास्टर रतिराम और राजकमल ढांडा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न टीमों के बीच हुए मुकाबलों में कैथल, पंचकूला, करनाल और अन्य टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। लड़कों के वर्ग में कैथल की टीम ने अंबाला, फरीदाबाद और कुरुक्षेत्र को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि पंचकूला ने पानीपत व कुरुक्षेत्र को हराया। करनाल ने पानीपत को मात देकर आगे बढ़त बनाई और अंबाला, फरीदाबाद व यमुनानगर को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहला सेमीफाइनल कैथल और झज्जर के बीच खेला गया, जिसमें कैथल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल हिसार और करनाल के बीच हुआ, जिसमें करनाल ने हिसार को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला कैथल और करनाल के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। अंततः कैथल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

लड़कियों के वर्ग में प्रथम स्थान कैथल को, द्वितीय स्थान कुरुक्षेत्र और तृतीय स्थान फरीदाबाद को मिला। वहीं, लड़कों के वर्ग में प्रथम स्थान कैथल, द्वितीय स्थान करनाल और तृतीय स्थान झज्जर को मिला।



सीवन। सीवन में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता टीमों के साथ आयोजक। फोटो : हरिभूमि

#### अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

अतिथियों ने विजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हरजिंदर सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, सज्जन सिंह, रवी राणा, सतपाल चौहान, बलवान, सागर सहोता, अनिल कुमार, कुलदीप सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मैचों का संचालन अंपायर अमित मेहला, संजय कौशिक, प्रदीप चौहान, रामनिवास वर्मा और सुरेश भट्ट द्वारा किया गया। आयोजन समिति में डॉ. गुरप्रीत सिंह प्रधान, जिला टेपबाल संघ, सुरेश भट्ट, रितु सैन, सुदर्शन कोच, इंद्र गोस्वामी, राजकुमार, अशोक आर्य आदि का विशेष योगदान रहा।



एकांश ढुल को सम्मानित करते हुए गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

## युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने एकांश ढुल का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसायटी द्वारा संत श्री धन्ना भगत जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान यूपीएससी 2025 में पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले एकांश ढुल को सम्मानित किया गया। एकांश ढुल हरियाणा सरकार के पूर्व चेयरमैन कृष्ण ढुल के पुत्र हैं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ढुल खाप के प्रधान चौधरी हरपाल सिंह ढुल ने कहा कि एकांश ढुल की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत और लगन से अन्य युवा भी प्रेरित होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करेंगे। चौधरी हरपाल सिंह ने ढुल खाप की ओर से महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसायटी का इस शानदार आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पाई गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र ढुल, अंकित, भरत सिंह, सुखबीर, पंजाब एवं हरियाणा कोर्ट के को-ऑप्टेड एडवोकेट मेंबर पवन ढुल, पूर्व प्रधान जाट संस्था कैथल, वजीर सिंह, सुभाष बड़सिकरी, अनिल कोटड़ा, बलकार ढुल सेरधा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### खबर संक्षेप

### सटोरिया गिरफ्तार, 4020 रुपये की नकदी बरामद

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 4020 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की मानस रोड़ नजदीक ड्रैन के पास एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस ने आरोपी हरिश उर्फ सोनू को काबू कर लिया।

### एसडीएम ने किसानों की सुनीं समस्याएं

**कलायत।** सोमवार को एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों विभिन्न समस्याओं सुना गया। किसानों ने गेट पास, बायोमेट्रिक प्रणाली, फसल खरीद, उठान, भुगतान आदि को लेकर अपनी समस्याएं रखी। इसके अलावा उन्होंने फसल का तौल इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के माध्यम से सुनिश्चित करने तथा आढ़तियों द्वारा फसल प्रक्रिया में अनावश्यक हस्तक्षेप न करने की मांग रखी। जिन पर एसडीएम ने कसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना।

### बुजुर्गों के लिए अचूक औषधि है सूक्ष्म व्यायाम

**कैथल।** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के गांव फरल और जडौला में बुजुर्गों के लिए विशेष योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। शिविरों का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमचंद ने की। इस दौरान आयुष योग सहायकों ने बुजुर्गों की शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विशेष योग क्रियाएं करवाईं।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी गलौली जिला पटियाला पंजाब निवासी मेहरप्रीत को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की चीका निवासी विजय गर्ग की शिकायत अनुसार 2 अप्रैल की दोपहर को उसके घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात को व्यक्ति चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। उक्त मामले में पहले ही एक आरोपी कर्ण को काबु किया जा चुका हैं जिससे बाइक बरामद कर ली गई थी। आरोपी मेहरप्रीत सिंह के कब्जे से 1 हजार रुपये बरामद किए गए है। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जिला परिषद के सीईओ ने सुनी जन समस्याएं

## आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें निवारण : सुरेश राविश

- समाधान शिविर में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से आए लोगों की जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश व डीएसपी सुशील प्रकाश ने समस्याएं सुनी गईं। सुरेश राविश ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निवारण करना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर के दौरान विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन और पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें आई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैमिली आईडी में त्रुटियों के सुधार कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार की सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है।



कैथल। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश व डीएसपी सुशील प्रकाश लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### देसी पिस्तौल, कारतूस सहित आरोपी काबू

**राजौंद।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा गांव सारण बस अडडा से एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से .32 बोर देसी पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई रघुबीर सिंह व एचसी पवन कुमार की टीम सायंकालीन गस्त दौरान देवबन कैंची पर मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की गांव पेगा जिला जींद निवासी अभिषेक अवैध देसी पिस्तौल लिए हुए है, जो गांव सारण बस अड्डा के पास खड़ा है। पुलिस ने उपरोक्त स्थान पर दबिश देकर संदिग्ध गांव पेगां जिला जींद निवासी अभिषेक को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से एक .32 बोर का अवैध पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुए। जिस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज करके आरोपी को एएसआई रघुबीर सिंह द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

### सरकार की योजनाओं की भी दी गई जानकारी

## एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर में मौके पर हुआ समस्याओं का हल

- ज्यादातर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, बिजली बिल से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार राहुल डोगरा ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुन संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में ज्यादातर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, बिजली बिल तथा कुछ शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रही। नायब तहसीलदार ने कहा कि इन शिविरों में जहां आमजन की समस्याओं का निवारण मौके पर किया जाता है वहीं उनको सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाती है। नायब तहसीलदार राहुल डोगरा ने कहा कि आमजन समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं का निपटान मौके पर ही करवा सकते है। यह समाधान शिविर हर सप्ताह दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जाते है। आमजन की समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनका मौके पर ही निपटान करवाया जाता है। किसी की शिकायत उपमंडल स्तर पर दूर न हो तो जिला मुख्यालय भेजा जाता है।



गुहलाचीका। एसडीएम कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे कस्बावासी।



कैथल। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन सीएलजी सदस्यों के साथ।

## सीएलजी कार्यालय पहुंचे एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा सोमवार को थाना शहर कैथल स्थित समाजसेवी संस्था कम्यूनिटी लाईजन ग्रुप (सीएलजी) के कार्यालय में पहुंचकर संस्था के पास आने वाली शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट हासिल करते हुए सीएलजी सदस्यों को उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा निरंतर रूप से बेहतरीन कार्य कर रहे कम्यूनिटी लाईजन ग्रुप के कार्य की प्रशंसा की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर परिसर में सीएलजी कार्यालय पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन का संस्था के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा एसपी को बताया गया कि यह संस्था वर्ष 2017 में स्थापित यह संस्था अब तक 697 मामले निपटा चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सास-बहू व पति-पत्नी के घरेलू विवाद, मारपीट तथा प्लाट-जमीन आदि के विवाद होने पर आमजन अब कोर्ट कचहरी के चक्कर से बचने के लिए सीएलजी के पास शिकायत ले जाने में रुचि ले रही है। जहां पर विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त समाजसेवियों द्वारा पारिवारिक माहौल में झगड़ों को सुलझाया जाता है।

### पूंडरी में सर्वाइकल कैंसर पर विशेष शिविर

## बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूकता जरूरी : डॉ. गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी में "एक किरण उम्मीद की" फाउंडेशन की ओर से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बेटियों व महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच व एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व को समझाना रहा।

इस अवसर पर पूंडरी के सरकारी अस्पताल की सीनियर मेडिकल डॉक्टर गीता ने छात्राओं को इस गंभीर बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की भी अपील की, ताकि बीमारी का समय रहते पता लगाया जा सके।

शिविर में स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। फाउंडेशन की अध्यक्षा निधि मोहन ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि हर बेटी और महिला को इस बीमारी से सुरक्षित रखना है। जागरूकता और समय पर जांच ही सबसे बड़ा बचाव है और सामूहिक प्रयासों से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है।

कार्यक्रम में बबीता सिंगला, रजनी वालिया, राजबाला, कमलेश, स्कूल स्टाफ सुनीता, दिव्या, सोनू मित्तल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्कूल प्रिंसिपल गिरधारी शर्मा का विशेष सहयोग रहा।




पूंडरी। महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करते हुए डॉ गीता।

## राजकीय स्कूल सोंगरी के छात्र अर्व का यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में चयन

**कैथल।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रतिष्ठित 'युवा विज्ञानी कार्यक्रम' यानी युविका-2026 के लिए जिला कैथल के सरकारी विद्यालय सौंगरी गुलियाना के छात्र आर्व का चयन हुआ है। अर्व 11 मई से 22 मई 2026 तक चलने वाले दो सप्ताह के स्पेस कैंप में हिस्सा लेगा, जिसका पूरा खर्च इसरो वहन करेगा वह इसरो जोधपुर में दो सप्ताह रहेगा।

युविका यानी यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम के तहत इसरो हर साल देशभर से कक्षा 9 के होनहार छात्रों को अपने अंतरिक्ष केंद्रों पर आमंत्रित करता है। यहां बच्चे वैज्ञानिकों से मिलते हैं, प्रयोगशालाएं देखते हैं और अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां सीखते हैं। इस साल अहमदाबाद, बैंगलोर, श्री हरिकोटा सहित 7 इसरो केंद्रों पर यह कार्यक्रम होगा। राज्य भर से केवल व जिलों के 7 विद्यार्थियों का चयन हुआ है

आर्व के चयन की खबर मिलते ही विद्यालय सौंगरी गुलियाना में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया, /" अर्व शुरू से ही विज्ञान में रुचि रखता है। उसका युविका के लिए चयन होना पूरे स्कूल और गांव के लिए गर्व की बात है। इससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। अर्व के विज्ञान अध्यापक ने कहा 8वीं के अंकों, ऑनलाइन क्विज और विज्ञान मेले में भागीदारी के आधार पर चयन होता है। अर्व ने सभी मापदंडों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। ग्रामीण स्कूल से होने का भी उसे लाभ मिला। अर्व ने क्या कहा कि इसके लिए मेरे विज्ञान गणित के प्राध्यापक वीरेंद्र सिंह की प्रेरणा रही है वह मुझे हमेशा इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। अर्व ने बताया मैं इसरो जोधपुर के वैज्ञानिकों से मिलूंगा, रॉकेट लॉन्च पैड देखूंगा। मेरा सपना है कि मैं भी बड़ा होकर वैज्ञानिक बनूं। मेरे माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद मेरे साथ है। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने अर्व को बधाई देते हुए कहा कि जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं।



छात्र अर्व

### डीएसपी मुख्यालय ने शिक्षा अधिकारियों के साथ की बैठक

## स्कूलों की सुरक्षा चाक-चौबंद करने को दिए अहम निर्देश

*बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस व शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा स्कूलों के आसपास सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएसपी मुख्यालय बीर भान द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी सुशील प्रकाश, प्रमोद राणा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, डा. गिरधारी लाल शर्मा खंड शिक्षा अधिकारी पूंडरी, सुरेश नैन खंड शिक्षा अधिकारी कलायत, अनिल कुमार खंड शिक्षा अधिकारी सीवन, डा. गुंजन इंचार्ज जीएसएस न. 4 कैथल, दीपक शर्मा उप अधीक्षक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कुमारी पिंकी डीडीओ, बिमला देवी बीईओ कैथल, सुधा सरदाना तथा रविंद्र शर्मा प्रिंसिपल जीएसएसएस कैथल ने भाग लिया।

बैठक के दौरान डीएसपी बीर भान ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे सुनिश्चित करने के लिए पुलिस व शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल परिसरों तथा उनके आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, हुड़दंगबाजी या बाहरी व्यक्तियों की अनावश्यक आवाजाही पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति स्कूल के आसपास आवारागर्दी करता हुआ पाया जाता है या छात्रों को परेशान करने की कोशिश करता है, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी जाए। ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके।



कैथल। डीएसपी सुशील प्रकाश और बीरभान शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### जागरूकता पर जोर

डीएसपी ने बच्चों को भी जागरूक करने पर जोर दिया कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने शिक्षकों या अभिभावकों को दें। बैठक के अंत में डीएसपी बीर भान ने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग स्कूलों के आसपास नियमित गश्त बढ़ाएगा और जरूरत पड़ने पर विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और भयमुक्त माहौल प्रदान किया जा सके। शिक्षा अधिकारियों ने भी पुलिस विभाग के साथ पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## सीवन पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

स्थानीय सीवन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम निवास शर्मा ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह खारा सहित अन्य सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही विद्यार्थी इस प्रकार की उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इस दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की।

**सूचना**

मैं, वीना देवी पत्नी श्री प्रेम सिंह निवासी हाउस नं. 2973, अर्बन एस्टेट, जींद, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सौरभ व उसकी पत्नी मुस्कान निवासी हाउस नं. 959, बी ब्लॉक altus, न्यू चंडीगढ़ मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों को वर्ष में दो बार देना होगा आय प्रमाण पत्र

**जींद।** जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि सदर खजाना जींद तथा इसके अधीनस्थ सभी उप खजाना कार्यालयों के माध्यम से ई पेंशन प्रणाली के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे एससीएस पेंशन नियम के अनुसार पारिवारिक पेंशन जारी रखने के लिए सभी पात्र पेंशनरों को वर्ष में दो बार अप्रैल तथा नवम्बर माह में अपना आय प्रमाण पत्र संबंधित खजाना, उप खजाना कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है।

### रेवर में होगा प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**जींद।** नरवाना उपमंडल के एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन 28 अप्रैल को उझाना खंड के रेवर गांव में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का मौके पर समाधान करना तथा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे और समस्याओं को सुनेंगे।

### रोजगार मेला और जागरूकता कैंप कल

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अंजू नरवाल ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय परिसर में 22 अप्रैल को प्रातः 10 बजे रोजगार मेला एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर लिमिटेड, श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर्स तथा एसआईएस सिक्योरिटी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन अवार्डजडॉटगोवडॉटइन पोर्टल पर 30 सितंबर 2026 तक कर सकते हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए यह वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

### एल्बेंडाजोल गोलियों की महत्ता को लेकर अस्पताल में किया जागरूक

# एक से 19 वर्ष तक के 4.72 लाख बच्चे आज खाएंगे एल्बेंडाजोल गोलियां

*एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली तथा दो से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली दी जाएगी : डा. रमेश पांचाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिलाभर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एक से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर व किशोरियों को एल्बेंडाजोल (कृमिनाशक) की दवा देने के लिए मंगलवार को बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्त कर उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार लाना है। कोई भी बच्चा गोली खाने से वंचित न रहे, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाकायदा 20 से अधिक टीमों व 12 मेडिकल टीमों का गठन कर जांच के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी कारणवश कोई बच्चा 21 अप्रैल को दवाई लेने से वंचित रह जाता है तो उसके लिए मॉपअप दिवस 28 अप्रैल निर्धारित किया गया है। इस दिन छूटे हुए बच्चों को दवाई दी जाएगी। यदि कोई बच्चा 28 अप्रैल को भी दवाई लेने से वंचित रह जाता है तो वह किसी भी अन्य दिवस पर ये दवाई किसी भी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से फ्री में ले सकता है।

एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली तथा दो से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली दी जाएगी। गोली खाने से पहले बच्चे को कुछ खाया या पिया होना जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार पेट में कीड़े होने से बच्चों में एनीमिया (खून की कमी) कुपोषण और शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। ऐसे में नियमित अंतराल पर एल्बेंडाजोल की खुराक देना बेहद जरूरी है।



जींद। अस्पताल में लगाई गई कनूपी। फोटो : हरिभूमि

#### अस्पताल में जगह-जगह लगाई कनूपी

एल्बेंडाजोल गोली खिलाने को लेकर अभिभावकों में कई तरह के प्रश्न रहते हैं। ऐसे में अभिभावकों के इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए अस्पताल में जगह-जगह कनूपी लगाई गई। सोमवार को अस्पताल में जो भी आया उसने अपने संदेह को दूर किया। स्वास्थ्यकर्मियों ने भी अभिभावकों की जिज्ञासाओं को शांत किया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने बच्चों को यह दवाई अवश्य दिलवाएं। क्योंकि यह दवाई बच्चों को एनीमिया से बचाने उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और पढ़ाई में एकाग्रता सुधारने में सहायक है।

#### दिक्कत पर 108 या 112 पर संपर्क किया जाए

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि एल्बेंडाजोल दवाई पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं है। फिर भी यदि किसी बच्चे को दवाई लेने के बाद कोई असुविधा जैसे उल्टी, चक्कर आदि महसूस हो तो तुरंत 108 या 112 पर संपर्क किया जाए। चार लाख 72 हजार 811 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर एवं स्कूल स्टाफ मिलकर कार्य करेंगे। इसके लिए जिले में 12 मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। जो आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता उपलब्ध करवाएंगी।



अलेवा। अलेवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**अलेवा।** पूरे देश में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई जाने वाली एल्बेंडाजोल टैबलेट को लेकर उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को अलेवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी मेडिकल आफिसर डा. विरेंद्र सिंह ने की तथा प्रशिक्षक के रूप में महिला स्वास्थ्य निरीक्षक निर्मला देवी ने हिस्सा लिया। एक दिवसीय प्रशिक्षण में स्वास्थ्य कर्मियों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। डा. विरेंद्र ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मचारी मंगलवार 21 अप्रैल को अपने-अपने एरिया में एक से दो वर्ष तक बच्चों को आधी गोली व दो से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली खिलाएं। इसके तहत सभी गांवों के राजकीय व गैर सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को गोलियां खिलाई जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा सभी स्कूलों के एक-एक शिक्षक को इसकी ट्रेनिंग दी गई है। सरकार द्वारा बच्चों की खून की कमी की पूर्ति करने के लिए ही एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी। इस मौके पर एएनएम गीता, अमिशा, केलापति, स्वास्थ्य कर्मचारी दीपक कुमार, बजरंग व सोनू समेत कई स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीसी ने ली जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक

## सर्वाइकल कैंसर से बचाने को एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाएं



कैथल। डीसी अपराजिता बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण (एचपीवी) अभियान में तेजी लाएं। इसको लेकर आमजन को जागरूक करें और अपनी परफॉरमेंस में सुधार लाएं। स्कूलों में पीटीएम आयोजित कर अभिभावकों को वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। साथ ही 14 वर्ष की किशोरियों के टीकाकरण के लिए अभिभावकों से लिखित सहमति लेना सुनिश्चित करें।

डीसी अपराजिता सोमवार को एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि यह टीका बेटियों को भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अहम भूमिका निभाएगा। इसलिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी छूट न जाए। बैठक में सामने आया कि सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक जानकारियों के कारण कुछ अभिभावक टीकाकरण से हिचकिचाते हैं। इस पर डीसी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी व आशा वर्कर्स घर-घर जाकर महिलाओं को जागरूक करें और भ्रांतियों को दूर करें। इसी प्रकार चिकित्सकों के वीडियो संदेशों के माध्यम से लोगों तक सही जानकारी पहुंचाएं। साथ ही पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों को अभियान से जोड़कर जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए।

डीसी अपराजिता ने जिला वासियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और बेटियों के स्वस्थ व सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है। सिविल सर्जन डा. रेणु चावला ने बताया कि जिले में टीकाकरण का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर डीडीपीओ रितु लाठर, जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निवारण

- अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान प्रकोष्ठ की शिकायतों के शीघ्र निपटान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए एडीसी प्रदीप कुमार।

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनसुनवाई करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिविर में पहुंची सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए ताकि समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। समाधान शिविर में गांव ईंटल खुर्द निवासी ममता ने लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ न मिलने की शिकायत रखी। जिस पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए। गांव कोथ कलां निवासी आजाद ने जींद से कोथ कलां के लिए शाम पांच बजे संचालित बस सेवा को नियमित करने की प्रार्थना की। इसी प्रकार सेक्टर 11 निवासी जयपाल ने जमीन बंटवारे से संबंधित नकल उपलब्ध करवाने की मांग रखी।



कैथल। हरियाणा पावर कारपोरेशन एससी एससी बीसी इंप्लाइज यूनियन की नई कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

### प्रवीन भुक्कल हरियाणा पावर कारपोरेशन एससी बीसी इंप्लाइज यूनियन के प्रधान बने

**कैथल।** हरियाणा पावर कारपोरेशन एससी एससी बीसी इंप्लाइज यूनियन का द्विवार्षिक चुनाव करवाने के लिए छात्रावास भवन के प्रांगण में मीटिंग बुलाई गई। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में सर्किल सचिव सुभाष चंद सोलरा व संगठन सचिव सेवा सिंह रंगा जेई तथा केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से जगदीश मेहरा व नरेश धानिया की देखरेख में कैथल यूनिट का चुनाव संपन्न करवाया गया। कैथल यूनिट व सब यूनिट के चुनाव के बाद सभी पदाधिकारियों को पर्यवेक्षकों द्वारा शपथ दिलवाई गई और उनका फूल मालाओं के द्वारा सम्मान किया गया। ।इस यूनिट के चुनाव में निम्न पदाधिकारी सर्व सम्मति से चुने गए। जिनमें यूनिट प्रधान के पद पर प्रवीण भुक्कल, वरिष्ठ उप प्रधान रामफल बिबियन ,उप प्रधान गुरदेव सिंह, महासचिव दिलबाग सिंह, कोषाध्यक्ष जंगीर सिंह मोंगिया, ऑडिटर के पद पर सवाईया राम, संगठन कर्ता राजेंद्र कुमार एएफएम, सलाहकार राजबीर सिंह माली और चेयरमैन के पद पर रामपाल रंगा जेइ को निर्वाचित किया गया। सब अर्बन नंबर 2 सब यूनिट के प्रधान पद पर चरण सिंह , सचिव संदीप सिंह और कैशियर के पर रघुबीर सिंह को सर्व सम्मति से चुना गया।

## छात्राओं को सुरक्षा व आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। थाना महिला प्रभारी एसआई वीना कुमारी छात्राओं को जागरूक करते हुए।

थाना महिला प्रभारी एसआई वीना कुमारी द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में जाकर छात्राओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रख सकें और सही समय पर उचित कदम उठा सकें। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को एसबीएस स्कूल गांव सिसमौर में एसआई वीना कुमारी ने विद्यार्थियों को कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ जागरूकता भी बेहद आवश्यक है।

उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, स्टॉकिंग या अन्य अपराधों को सहन न करें और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। एसआई वीना ने महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन सेवा 112 तथा अन्य सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को "गुड टच और बैड टच" के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया, ताकि वे अपने साथ होने वाले किसी भी गलत व्यवहार की पहचान कर सकें।

## हर मंगलवार को अलेवा तहसील में पहुंचेंगे एसडीएम, सुनेंगे समस्याएं

- विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समाधान शिविर लगाकर आमजन से करेंगे मुलाकात
- विधायक देवेंद्र अत्री ने अलेवा के लोगों की मांग की पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



रमित यादव, एसडीएम उचाना।

अलेवा ब्लॉक के लोगों के लिए अच्छी खबर है कि अब हर सप्ताह मंगलवार को अलेवा तहसील में एसडीएम रमित यादव समाधान शिविर लगाएंगे। यहां पर वह सभी विभागों के अधिकारियों के साथ 10 बजे से लेकर 1 बजे तक जन समस्याओं को सुनेंगे। अलेवा ब्लॉक के लोगों को अपने छोटे से लेकर बड़े काम तक अलेवा से उचाना आना पड़ता है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से लोगों ने मांग की थी कि सप्ताह में एक दिन एसडीएम अगर अलेवा तहसील में रहें तो लोगों को लंबी दूर तक कर उचाना कम जाना पड़ेगा। विधायक ने लोगों की इस मांग को पूरा करते हुए एसडीएम रमित यादव से बात कर उन्हें सप्ताह में एक दिन तय कर अलेवा तहसील पहुंच कर लोगों की समस्याओं को सुनने के निर्देश दिए। इन निर्देशों का तुरंत एसडीएम ने पालन करते हुए मंगलवार का दिन अलेवा तहसील के लिए निर्धारित किया।

#### लोगों की मांग हुई पूरी

विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि अलेवा ब्लॉक के लोग मांग कर रहे थे कि एक सप्ताह अलेवा तहसील में एसडीएम लोगों की समस्याओं को सुनने पहुंचे। एसडीएम को निर्देश दिए गए है अब वो हर मंगवार को अलेवा तहसील विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पहुंचेंगे। वो खुद भी सप्ताह में पांच दिन लोगों के बीच रहते है। लोगों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो ये कोशिश रहती है।



कैथल। नशा तस्करी में लिप्त दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### 26 किलो 340 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल कैथल की टीम ने 2 आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में 18/19 अप्रैल की मध्य रात्रि को एएसआई जगभान की टीम द्वारा टोल प्लाजा से लगभग 5 किलोमीटर आगे नारनौल रोड पर ट्रक से गांव बुआना जिला जींद निवासी सुनील कुमार उर्फ सोनू को एक प्लास्टिक कट्टे से 26 किलो 340 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। आरोपी से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ कि वह अन्य आरोपी दीपक व आशीष के साथ मिलकर नशा तस्करी का काम करता है, यह नशीला पदार्थ भी उक्त दोनो द्वारा उसे कहीं बेचने के लिए दिया हुआ था। एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा तत्पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जिला जींद के गांव किला जफरगढ निवासी दीपक तथा आशीष को जुलाना से काबू कर लिया गया।

## भाजपा सरकार ने प्रदेश से क्षेत्रवाद की राजनीति खत्म की : देवेंद्र अत्री

- एक करोड़ से हुए विकास कार्यों का विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा



अलेवा। नगूरां गांव में लोगों को संबोधित करते उचाना विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री।

भाजपा विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि विकसित उचाना का जो सपना है, उसे पूरा करने का काम लगातार कर रहे हैं। पहले की सरकारों में सबको पता है क्या होता था। एक जिले में विकास होता था, एक जिले के युवाओं को रोजगार मिलता था। 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने क्षेत्रवाद की राजनीति को खत्म करते हुए पूरे प्रदेश में समान विकास कार्य करवाए। भाजपा विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री सोमवार को उचाना हलके के नगूरां, अलेवा, खांडा गांव में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन कर रहे थे। विधायक ने लगभग एक करोड़ की लागत से हुए गली, शेड, चौपालों में निर्माण, गंदे पानी की निकासी के लिए नालों के निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के उद्घाटन किए। इस मौके पर अलेवा बीडीपीओ जयपाल सिंह, पंचायती राज एसडीओ राजेंद्र कुमार, जेई रजत, नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, धर्मबीर डाहौला, मार्केट कमेटी उप चेयरमेन शमशेर सैनी, सतपाल पेगां, सुरेंद्र खरकभूरा, रामपाल चेयरमैन, जितेंद्र, होशियार सिंह, नरेश शास्त्री, राजा सैनी, दिलबाग पेगां मौजूद रहे।

#### जुलाना एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**जींद।** एसडीएम होशियार सिहं की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को जुलाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### 20 से 25 अप्रैल तक साप्ताहिक सीआरपी प्लान लागू

# निपुण मिशन के तहत भाषा व गणित कौशल पर विशेष फोकस

#### पृथ्वी दिवस व विश्व मलेरिया दिवस को भी जोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए राजेश वशिष्ठ।

20 से 25 अप्रैल तक के लिए साप्ताहिक कम्पिटेंसी रिव्यू प्लान जारी किया गया है। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए विषयवार गतिविधियां निर्धारित की गई हैं। यह योजना निपुण मिशन के अंतर्गत बच्चों के बुनियादी भाषा और गणित कौशल को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। इस सप्ताह के प्लान में विशेष रूप से दिवस आठ से 13 तक की गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिनमें 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस और 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस से संबंधित शिक्षण गतिविधियां भी जोड़ी गई हैं। बच्चों को जागरूकता आधारित सीखने का अवसर मिलेगा। कक्षा एक में बच्चों को आसपास की वस्तुओं की पहचान, जैसे पास और दूर, आगे-पीछे तथा मोटी-पतली वस्तुओं को पहचानने की गतिविधियां करवाई जाएंगी। वहीं अंग्रेजी विषय में सामान्य अभिवादन और एक्शन वर्ड सिखाने पर जोर दिया जाएगा। कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए हिंदी में वर्ण और मात्राओं की पहचान तथा शब्द निर्माण पर काम किया जाएगा। गणित में एक से 20 तक की संख्या की समझ, तुलना और क्रमबद्ध लेखन सिखाया जाएगा। अंग्रेजी में फॉनिक्स और सामान्य शब्दों के उच्चारण पर ध्यान दिया जाएगा। कक्षा तीन में गणित के अंतर्गत 100 तक की संख्याओं की तुलना, जोड़ और क्रम सिखाया जाएगा। जबकि अंग्रेजी में विलोम शब्द, वाक्य निर्माण और स्वर ध्वनियों का अभ्यास कराया जाएगा। कक्षा चार और पांच के लिए गणित में त्रिआयामी आकृतियों, संख्या रेखा और जोड़ की अवधारणा पर कार्य कराया जाएगा। अंग्रेजी में दैनिक दिनचर्या, व्यक्तिगत अनुभव सांझा करना और आर्टिकल और एन का सही प्रयोग सिखाया जाएगा। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए निर्देश भी जारी किए हैं। जिनमें टीचर इंस्ट्रक्शन शीट, डेवाइज प्लान और गतिविधि शीट शामिल हैं। प्रत्येक विषय के लिए वीडियो लिंक भी उपलब्ध कराए गए हैं।

#### मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बोझ मुक्त बनाना

*एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि साप्ताहिक प्लान का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बोझ मुक्त बनाना है। गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चे स्कूल के प्रति आकर्षित और प्रेरित होते हैं। जब विद्यार्थी खेल-खेल में भाषा और गणित की दक्षता हासिल करेंगे तो उनकी स्कूल आने की रुचि स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। हमारा लक्ष्य हर बच्चे को निपुण बनाना और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है*